# ऑटो ने 5 वर्ष की बच्ची को कुचला, मौत

**10 से 15 फीट तक घसीटता ले गया, घर के बाहर खड़ी बालिका को**



**देवास।** गंगा पार्क कॉलोनी में गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार ऑटो ने 5 साल की बच्ची चेष्टा शर्मा को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। ऑटो चालक बच्ची को करीब 10 से 15 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे की है। चेष्टा अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी तेज रफ्तार ऑटो ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद घर की महिलाएं ऑटो को पकड़ने के लिए दौड़ीं, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। परिजन ने तुरंत बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, परिजन इस बात पर यकीन नहीं कर पाए और बच्ची को एक निजी अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। इसके बाद परिजन बच्ची को इंदौर ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन रास्ते में उन्हें उसकी मौत का यकीन हो गया और वे शव को वापस जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाए। मृतक बच्ची चेष्टा, दिनेश शर्मा की बेटी थी। दिनेश शर्मा साड़ी की दुकान चलाते हैं और घटना के समय दुकान पर थे। चेष्टा की मां घर पर अकेली थीं और घरेलू काम कर रही थीं। बच्चों ने उन्हें घटना की सूचना दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचीं।परिजनों के अनुसार, चेष्टा पड़ोस में खेलने गई थी और वापस आकर घर के सामने खड़ी थी, तभी यह हादसा हुआ। बालिका की मां ने बताया कि उन्हें अपने परिचित के यहां भोजन के लिए जाना था। वह इसी सिलसिले में अपने पति को फोन लगा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। बालिका के मामा सतीश ने बताया कि वह एक दिन पहले ही राजस्थान से लौटे थे और अगले ही दिन यह घटना हो गई। उन्होंने बताया कि परिवार राजस्थान के भीलवाड़ा का रहने वाला है और शव को वहीं ले जाया जाएगा। परिवार के लोग एक रतजगा कार्यक्रम में राजस्थान गए थे और वहां से वापस देवास लौटे थे।

### बछड़े को खिलाने जाती थी

मां ने बताया कि चेष्टा रोज गाय के बछड़े को खिलाने जाती थी। घटना वाले दिन भी वह यही कहकर बाहर गई थी। मां घर के अंदर काम कर रही थीं, तभी बच्चों ने आकर बताया कि चेष्टा को ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस पूरे मामले में पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# देवास में 52 बसों की जांच, 14 में खामियां मिलीं



**देवास।** जिला परिवहन विभाग ने गुरुवार को रात्रि कालीन चलने वाली 52 बसों की सघन जांच की। इस दौरान 14 बसों में कमियां और परमिट शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिसके बाद उन पर 84 हजार रुपए का चालान किया गया।

जांच दल ने बस चालक और यात्री के बीच बने केबिन दरवाजों को भी हटवाया। यह कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में देवास-मक्सी रोड पर की गई। जांच के दौरान बसों के दस्तावेजों, अग्निशमन यंत्र, मेडिकल बॉक्स और आपातकालीन खिड़की जैसी सुरक्षा संबंधी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। आरटीओ अधिकारियों ने सभी बसों को दस्तावेजीकरण और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद ही संचालन जारी रखने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी ने चेतावनी दी कि भविष्य में परमिट शर्तों का दोबारा उल्लंघन पाया जाता है, तो परमिट निरस्त करेंगे।

## एक नजर में

### लापरवाही पर पटवारी शैलेंद्र साहू निलम्बित

**देवास।** एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा ने ग्राम छापरी तहसील देवास में पदस्थ पटवारी शैलेन्द्र साहू को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है । निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय टप्पा बरोठा तहसील देवास में रहेगा तथा निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी । आदेश में उल्लेख है कि ग्राम छापरी में पदस्थ पटवारी शैलेंद्र साहू के सम्बंध में राजस्व कार्य सीमांकन आदि नही किए जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में ग्राम छापरी में लम्बित सीमांकन प्रकरणों का अवलोकन किया गया जिसमें पटवारी हल्का द्वारा कई प्रकरणों में वर्तमान दिनांक तक सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत नही किया गया।

### कन्नौद के नायब तहसीलदार बिरथरे सस्पेंड

**देवास।** उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने देवास जिले के कन्नौद के प्रभारी नायब तहसीलदार मनीष बिरथरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बिना किसी सूचना और अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण की गई है। आदेश में उल्लेख है कि मनीष बिरथरे ने 8 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद के कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई थी। इसके बाद से वे कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। उनकी निरंतर अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण राजस्व के न्यायालयीन कार्य और अन्य महत्वपूर्ण कार्यपालिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में उन्हें पूर्व में भी अवगत कराया गया था, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। निलंबन अवधि के दौरान मनीष बिरथरे का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला देवास रहेगा।

### कलेक्टर ने किया गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण



**देवास।** जिले में पंजीकृत किसानों से स्लॉट बुकिंग के आधार पर 136 गेहूं उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गुरुवार को विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने सेवा सहकारी समिति सोनकच्छ और संवरसी द्वारा संचालित देवास वेयरहाउस जामगोद, सेवा सहकारी समिति बोलासा द्वारा संचालित बीआर वेयरहाउस नेवरी फाटा, और विपणन सहकारी समिति सोनकच्छ द्वारा संचालित अन्नपूर्णा वेयरहाउस नेवरी फाटा का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने बिलिंग काउंटर, गेहूं की गुणवत्ता और तौल की जा रही बोरियों के वजन की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि तौल की जा रही बोरियों पर संबंधित किसान कोड का टैग अनिवार्य रूप से लगाया जाए। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, छांव और बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों से किसी भी प्रकार से पैसे लेने संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से भी बातचीत की। जिले में अब तक कुल 77,335 पंजीकृत किसानों में से 44,238 किसानों ने स्लॉट बुक किया है। इनमें से 28,855 किसानों ने अपनी उपज गेहूं उपार्जन केंद्रों पर बेची है। इन 28,855 किसानों से कुल 1 लाख 31 हजार 167 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए सभी उपार्जन केंद्रों पर प्रतिदिन 2250 क्विंटल गेहूं खरीदने की व्यवस्था है। ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करने की अवधि को 23 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। निरीक्षण के समय जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार और जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी प्रताप सिंह भूरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# संबल योजना के हितग्राहियों को मिली सहायता

**देवास।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल 2.0) की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से हितलाभ राशि का वितरण किया गया।

योजना के तहत देवास निगम सीमा क्षेत्र के 66 हितग्राहियों को कुल 1 करोड़ 44 लाख की राशि का अंतरण किया गया। इसमें सामान्य मौत होने पर 60 हितग्राहियों के प्रत्येक परिवार को 2 लाख तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर 6 हितग्राहियों के प्रत्येक परिवार को 4 लाख की राशि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सिंगल क्लिक से भेजी गई। निगम बैठक हाल में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद आलोक साहू, पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा, निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के साथ 66 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा व सुना गया। इस अवसर पर दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जनकल्याणकारी संबल योजना से गरीब व निर्धन परिवारजनों को सामान्य मृत्यु व दुर्घटना में मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता मिल रही है। इस सहायता राशि से वे अपने परिवार की देखभाल एवं भरण पोषण कर सकेंगे। इस अवसर पर एनयूएलएम शाखा से विशाल जगताप, श्रम विभाग लेबर इंस्पेक्टर जसपालसिंह जग्गी, निगम से सुनील जोशी, मुकेश सोलंकी व हितग्राही उपस्थित रहे।

# मालवांचल अनहद लोक कला यात्रा का समापन 3 को

**देवास ।** मालवा की समृद्ध पारंपरिक एवं निर्गुण लोक गायकी को समर्पित मालवांचल अनहद लोक कला यात्रा का भव्य समापन समारोह 03 मई को देवास में आयोजित किया जाएगा। अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक संस्थान, उज्जैन द्वारा, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस यात्रा का समापन कार्यक्रम विक्रम सभा एवं कला भवन, जवाहर चौक में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री पं. उमाकांत गुंदेचा (प्रख्यात ध्रुपद गायक, भोपाल), श्रीपाद जोशी, प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा (कुलानुशासक, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन) भगवान सिंह परमार (प्रदेश अध्यक्ष, अ.जा. मोर्चा, भाजपा, सांवेर) तथा अरुणा सोनी (जिला अध्यक्ष, संस्कार भारती, देवास) की उपस्थिति रहेगी। मालवा की समृद्ध लोक एवं निर्गुण गायन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए पद्मश्री सम्मान से अलंकृत पद्मश्री भेरू सिंह चौहान एवं नानूराम सनवेरिया को सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही डॉ. सुरेश पटेल तथा तालवाद्य साधक अनूप सिंह बोरलिया द्वारा लोक कलाकारों के साथ संवाद एवं परिचर्चा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार प्रात: 10 बजे से परिचर्चा एवं लोक कलाकारों से संवाद, तथा दोपहर 01 बजे से लोक गायन की प्रस्तुतियां आयोजित होंगी।

# आभा कार्ड के अभाव में महिला मरीजों की नहीं हो रही जांच

**बागली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मौसम जनित बीमारी से जुड़े मरीज आ रहे हैं। जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक रहती है।

ओपीडी स्वास्थ्य विभाग से जुड़े बालमुकुंद नागर ने बताया कि प्रतिदिन 200 से 250 मरीजों का ओपीडी पंजीयन हो रहा है। सोमवार से शनिवार तक यह संख्या 1000 से 1200 तक पहुंच जाती है। इलाज के दौरान ड्यूटी रत डॉक्टर मरीजो को तात्कालिक रूप में कुछ जांच लिखकर देते हैं जिसमें ब्लड प्रेशर शुगर और रक्त संबंधी अनेक जांच शामिल रहती है। जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग परिसर में स्थित प्रयोगशाला में मरीज पहुंचते हैं शासन के नियम अनुसार 2 महीने पूर्व से महिलाओं की जांच के लिए आभा आईडी की अनिवार्यता कई मरीजों को परेशान कर रही है अधिकतर मरीज स्वास्थ्य चेकअप कराते समय आधार कार्ड और मोबाइल लेकर नहीं आते हैं ऐसी स्थिति में उनकी जांच प्रभावित होती है। दुर दराज से आने वाली महिला मरीज बड़ी मुश्किल से समय निकालकर स्वास्थ्य विभाग तक आती है और यहा आभा आईडी के नियम असहाय महसूस करती है।

# देवास-इंदौर बस में महिला से छेड़छाड़, मोबाइल नंबर मांगा

**किराया लेने से इनकार विरोध पर पिटाई**

**देवास।** देवास से इंदौर जा रही एक बस में महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि बस कंडक्टर ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना गुरुवार सुबह की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

महिला ने बताया कि वह इंदौर में महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत है और रोजाना देवास से बस से अप-डाउन करती है। कंडक्टर कुछ दिनों से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा था। गुरुवार सुबह जब महिला बस में बैठी, तो कंडक्टर ने उसे अपनी सीट के पास बैठाकर मोबाइल नंबर मांगा और निजी जानकारी जुटाने लगा। जब महिला ने किराया देने की कोशिश की, तो कंडक्टर ने पैसे लेने से इनकार कर दिया और नंबर देने का दबाव बनाया। उसने महिला से यह भी कहा कि वह इस बारे में पति को न बताए। इस घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।

आक्रोशित लोगों ने कंडक्टर के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कंडक्टर को बस से उतारकर कोतवाली थाने लाया गया। यहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की। घटना के बाद महिला ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर भौंसले कॉलोनी निवासी सरफराज नामक कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक विभाग के साथ बैठक कर सख्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस बीच, घटना के दौरान कंडक्टर के साथ हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विभिन्न संगठनों ने महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी अभद्र घटनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नंबर मांगा, बनाया दबाव

महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी कंडक्टर ने उसे पहले कंडक्टर सीट पर बैठाया। इसके बाद महिला ने किराया दिया तो इनकार कर दिया। कंडक्टर ने महिला से नंबर मांगे और कहा कि नंबर दे दो। महिला के साथ छेड़छाड़ की, कंडक्टर ने महिला को कहा कि वह अपने पति को इस तरह की जानकारी न दें।

# इनोवेटिव पब्लिक स्कूल में प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान



**देवास।** इनोवेटिव पब्लिक हा.से. स्कूल देवास द्वारा वर्ष 2025-26 की 5 वीं, 8वीं, 10वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दलीप कुमार आयुक्त न. पा. नि थे, विशेष अतिथि के रूप में देवबाला पिपलोनीया उपायुक्त न.पा.नि, सौरभ त्रिपाठी नोडल अधिकारी, के. के. मिश्रा संकुल प्राचार्य उपस्थित थे।

अतिथियों का स्वागत मिर्ज़ा मुशाहिद बैग, सैय्यद मक़सूद अली, रामेश्वर पटेल सर, महेश सोनी, शबीना सय्यद ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 5वी, कक्षा 8वी, कक्षा 10वी, कक्षा 12वी की बोर्ड परीक्षाओ में प्रथम श्रेणी (60 प्रतिशत से अधिक ) अंक प्राप्त करने वाले 196 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की बोर्ड कक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 3 लाख 25 हजार की छात्रवृत्ति और टॉप 5 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, प्रमाण पत्र एवं 50,000 की राशि प्रदान की गई। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए आयुक्त दलीप कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और सफलता के पथ पर आगे बढ़ते चले। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के लिए प्रेरित किया और वर्षा जल संचय तथा जल के अपव्यय को रोकने हेतु योगदान हेतु प्रेरित करते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरुप पौधे मिर्ज़ा मुशब्बीर बैग एवं सैय्यद सदाकत अली ने भेंट किए।

### पेड़ पर लटका मिला शव

**देवास।** कंचनपुर क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव उसके निर्माणाधीन मकान के पास एक पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बिलासा निवासी सुमेर सिंह चौहान के रूप में हुई है। वह दो दिन पहले ही कंचनपुर में अपने निर्माणाधीन मकान के काम के सिलसिले में आए थे और वहीं रह रहे थे। गुरुवार सुबह आसपास के लोगों ने उन्हें पेड़ पर लटका देखा। इसी दौरान मृतक का भतीजा आदित्य यादव नवादा से उनके लिए खाना लेकर पहुंचा, जिसने घटना की जानकारी दी।

# शासकीय लकड़ी कौड़ियों के दाम, एसडीएम ने रुकवाई नीलामी

**टोंकखुर्द।** विकास के नाम पर दी जाने वाली बलि अब भ्रष्टाचार या लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। मक्सी फोरलेन चौड़ीकरण के मार्ग में आने वाले 174 बेशकीमती वृक्षों की नीलामी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने शासन के मूल्यांकन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्राम डीगरादा व दौनता जागीर में सड़क चौड़ीकरण के लिए काटे जाने वाले 174 वृक्षों की कीमत मात्र 85,848 रुपये आंकी गई है। आज के दौर में जहां बाजार में सूखी लकड़ी का भाव भी 6 से 7 रुपये प्रति किलो है, वहां जीवित और भारी-भरकम वृक्षों का इतना कम मूल्यांकन चौंकाने वाला है। एसडीएम टोंकखुर्द ने इस विसंगति को भांपते हुए तत्काल कलेक्टर को पत्र लिखकर नीलामी प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराई है।

पत्र में मुख्य रूप से बाजार भाव की तुलना में वृक्षों की सरकारी कीमत बेहद कम लगाई गई है, जिससे शासन को भारी राजस्व हानि होने की संभावना है। नीलामी की जानकारी सार्वजनिक न होने के कारण अब तक केवल 3 व्यापारी ही सामने आए हैं। सही ढंग से विज्ञापन न होने के कारण प्रतिस्पर्धा नहीं हो पा रही है। अब होगी वीडियो रिकॉर्डिंग और पुनर्मूल्यांकन आदि बिंदुओं को रेखांकित किया गया है। एसडीएम ने इस पूरे मामले में नायब तहसीलदार चिड़ावद को निर्देशित किया है कि वन विभाग के साथ मिलकर वृक्षों के मूल्य का दोबारा सटीक आकलन किया जाए। दो दैनिक समाचार पत्रों में नीलामी की नई विज्ञप्ति जारी की जाए। ग्राम स्तर पर कोटवार के माध्यम से डुंडी पिटवाकर ग्रामीणों और व्यापारियों को सूचित किया जाए। नीलामी की पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी अनिवार्य रूप से की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

# नेशनल टास्क फोर्स के शिविर में काउंसलिंग पर दिया जोर



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में अप्रैल माह में नेशनल टास्क फोर्स से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 10 अप्रैल को आत्महत्या रोकथाम के लिए चेतावनी संकेतों की पहचान पर एक सत्र आयोजित किया गया।

इस दौरान छात्राओं को मैनहित ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि वे डिजिटल माध्यम से अपनी मानसिक समस्याएं साझा कर सकें। 17 अप्रैल को छात्राओं के लिए एक मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें काउंसलर अपर्णा वर्मा ने मार्गदर्शन दिया। टेली-मानस सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर महाविद्यालय परिसर के 10 प्रमुख स्थानों पर दीवारों पर लिखवाए गए, ताकि छात्राएं आवश्यकता पड़ने पर इनसे सहायता ले सकें। छात्राओं ने नशामुक्त अभियान के अंतर्गत पोस्टर बनाए और यह संकल्प लिया कि वे नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगी। बड़ी संख्या में छात्राओं के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) कार्ड भी बनाए गए। पीयर सपोर्ट ग्रुप की बैठक में चर्चा की गई कि छात्राएं व्यक्तिगत और करियर से जुड़ी समस्याओं का सामना अधिक करती हैं और काउंसलिंग से उन्हें लाभ मिला है। साथ ही, अधिक से अधिक छात्राओं को अपनी समस्याएँ मित्रों, गार्डियन ट्यूटर और काउंसलर के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। लक्ष्य निर्धारण पर एक प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को एक निश्चित लक्ष्य तय कर उस पर पूरी मेहनत और लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।

**एक नजर में** — जिले की 09 तहसीलों में होंगे 11 हजार से अधिक घरों में गृह गृह गायत्री यज्ञ

# आज हजारों घरों में गूंजेंगे स्वाहा इदं गायत्री इदं नम :

**देवास ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में देश भर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा पर पूरे भारत में वैश्विक स्तर पर लाखो घरों में एक ही समय में प्रात: 09 बजे से दोपहर 12 तक गृह गृह गायत्री महायज्ञ संपन्न होंगे जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शान्ति, सबके कल्याण की भावना, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त भारत, राष्ट्र को समर्थ, शक्तिशाली एवं अखण्डता में स्थिरता बनाना है।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 01 मई शुक्रवार बुद्ध पूर्णिमा को पूर्ण उत्साह एवं उमंग के साथ गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर की संरक्षिका दुर्गा दीदी के मार्गदर्शन में जिले भर के गायत्री साधक पुनीत गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान की सफलता के लिये जुटेंगे। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान पर अधिक जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष है और इस दौरान गायत्री साधकों को लाखो घरों को देव परिवार बनाने का लक्ष्य मिला है जिसे जिले के निष्ठावान कार्यकर्ता पूर्ण जिम्मेदारी से संपन्न करेंगे साथ ही बताया कि गायत्री और यज्ञ हमारी भारतीय संस्कृति के माता-पिता है इनके बिना हमारा जीवन नीरस एवं अपूर्ण है, अगर हमारी संस्कृति को जीवित रखना है तो गायत्री और यज्ञ से जुड़कर रहना होगा ।

चौधरी ने आगे कहा कि आमजन मोबाईल पंडित, वीडिओ लिंक, यूट्यूब एवं हरिद्वार से लाइव ऑनलाइन जुड़कर भी इस विधा से गृह गृह गायत्री महायज्ञ में अपनी भागीदारी कर सकते है । जिला समन्वयक बाबूलाल खंडेलवाल ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के मातृ जन्म शताब्दी वर्ष को सफल बनाने के लिए गृह गृह गायत्री महायज्ञ, देव स्थापना एवं दीप यज्ञ किया जाएगा । इन कार्यक्रमों के माध्यम से परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का सपना ष्मनुष्य में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग का अवतरणष् को पूरा किया जाएगा । गृह गृह गायत्री महायज्ञ अभियान को सफल बनाने के लिए राजेन्द्र पोरवाल 9893699170 एवं प्रमोद निहाले 9302749911से सम्पर्क करें।

चौधरी ने बताया कि 31 मई को गायत्री परिवार द्वारा तंबाकू निषेध दिवस पर भी जिले की सभी प्रज्ञा संस्थानों पर गायत्री परिवार तंबाकू निषेध के कई आयोजन करेगा। पुनीत गृह गृह गायत्री यज्ञ अभियान को सफल बनाने में जिले के गायत्री साधक जुटेंगे, कांतिलाल पटेल, हरिराम जिराती, संतोष पटेल सिरोलिया, हरिप्रसाद पाण्डेय, राजेन्द्र शर्मा, रामकरण यादव, गिरीश गुरु हाटपिपलिया, रमेशचन्द्र मेहता, रविन्द्र नायक सोनकच्छ, मनीष गुप्ता आदि ।